बिहार पशुचिकित्सा परिषद्, पटना

(पो0–बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना)

पत्रांक ...249.../ बि0प0चि0प0

प्रेषक,

डा0 उमेश कुमार, रजिस्ट्रार,
बिहार पशुचिकित्सा परिषद, पटना।

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता (विद्युत),
विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या – 03,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

पटना–14, दिनांक 6 जून, 2020

विषयः–बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय परिसर में अवस्थित रोड न0 – 9, आवास सं0–1 के विद्युतीकरण संबंधी कार्य प्राथमिकता के आधार पर किये जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कहना है कि बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय परिसर में अवस्थित सभी आवासों का भवन निर्माण विभाग द्वारा विद्युतीकरण किया जा रहा है। वर्त्तमान में बिहार पशुचिकित्सा परिषद् का कार्यालय–आवास बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय परिसर में अवस्थित रोड न0 – 9, आवास सं0–1 में संचालन किया जा रहा है। परिषद् की समिति द्वारा उक्त आवास का निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया कि आवास में संचालित कार्यालय का निम्नावंकित विन्दुओं पर विद्युतीकरण (वायरिंग आदि) किये जाने की नितांत आवश्यकता है ः–

- कम्प्यूटर कक्ष का विद्युतीकरण।
- अध्यक्ष, रजिस्ट्रार, तकनीकी उपाधीक्षक, कम्प्यूटर कक्ष, लेखा शाखा, स्थापना शाखा एवं अन्य कर्मियों के कमरे में AC तथा Power Point ।
- कार्यालय परिसर में Campus Light ।

ज्ञातव्य हो कि बिहार पशुचिकित्सा परिषद एक संवैघानिक संस्था है, जो Indian Veterinary Council Act 1984 के अंतर्गत स्थापित है। आवासीय परिसर को कार्यालय के रुप में परिवर्त्तित करना भी आवश्यक होगा जिसमें अध्यक्ष, रजिस्ट्रार, उप रजिस्ट्रार, कम्प्यूटर कक्ष, लेखा शाखा, स्थापना शाखा एवं अन्य कर्मियों के कार्य करने की व्यवस्था होगी।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देकर विद्युतीकरण का कार्य सम्पादित कराया जाय, जिससे उल्लेखित हरेक प्रभाग / कक्ष में सुव्यवस्थित विद्युत प्रणाली व्यवस्था विकसित हो सके।

विश्वासभाजन

Umesh
08/06/2020

(डा0 उमेश कुमार)
रजिस्ट्रार
बिहार पशुचिकित्सा परिषद, पटना।